OMEGA MEDIA LABS

(Films, Events, Tele-films, Ad-films, P.R., Graphics)

PUBLICATION	PUNJAB KESARI	DATE	19-APR.-2017
EDITION	CHANDIGARH	PAGE NO.	07

चंडीगढ़ केसरी

टैलीकॉम के क्षेत्र में कौशल व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हुआ सैमीनार

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (संघी): टैलीकॉम के क्षेत्र में युवाओं को स्किल करके रोजगारपरक बनाने के लिए टी.एस.एस.सी. प्रयासरत है, जिसके लिए टैलीकॉम सैक्टर स्किल काउंसिल द्वारा कई पहल की गई हैं। इसी पहल तहत काउसिंल ने सी.आई.आई. के साथ मिलकर टैलीकॉम के क्षेत्र में कौशल व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सैमीनार का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पंजाब सरकार के तकनीकि शिक्षा व औद्योगिक प्रशिक्षण के एडिशनल चीफ सैक्रेटरी एम.पी. सिंह व वीडियोकॉन टैलीकाम के सी.ई.ओ. अरविंद बाली सहित कई गण्यमान्य मौजूद थे। सैमीनार में टैलीकॉम सैक्टर स्किल काउंसिल नॉर्थ के रीजनल हैड मेजर जनरल पी.एन. मोगा ने कहा कि आज के समय में युवाओं में कौशल विकास की बहुत जरुरत है और उन्हें स्किल्ड करने के लिए केंद्र सरकार व उद्यमिता मंत्रालय तथा नैशनल स्किल कॉर्पोरेशन की स्थापना की है जिससे मिशन स्किल इंडिया के तहत लाखों बेरोजगार युवाओं को स्किल कर उन्हें रोजगापरक बनाया जा सके। आज यहां रोजगार देने वाली इंडस्ट्री कौशल प्रशिक्षण देने वाले लोग मौजूद हैं। जिनका यह मानना है कि कौशल विकास के जरिए की देश का विकास किया जा सकता है। एम.पी. सिंह ने कहा कि पंजाब में बेरोजगारों की संख्या दूसरे राज्यों से अधिक है। युवाओं को रोजगार देने के लिए बहुस्तरीय प्रयोगशाला स्थापित करने की जरूरत है, जहां युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर आसानी से जीवनयापन कर सकें।